छपते छपते
कोलकाता
शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

# नोपानीनोस का शुभारंभ समारोह

**छपते छपते समाचार सेवा**



कोलकाता, 27 फरवरी। कोलकाता के प्रसिद्ध नोपानी हाई स्कूल में 22 फरवरी को नन्हे मुन्नों की प्रारंभिक शिक्षा संवारने के लिए किया गया आयोजन- नोपानीनोस का उदघाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत सिंगापुर की प्रसिद्ध टूंडेमी के साथ मिलकर नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के लिए उत्तम पढ़ाई की व्यवस्था शुरू की जा रही है। जिसके द्वारा बच्चों को रोचक ढंग से तथा कौशल विकसित करने के लिए मददगार क्रियाकलापों के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। इस शिक्षा प्रबंधन व्यवस्था का एक अहम हिस्सा बच्चों के अभिभावकों को एक ऐसा मोबाइल एप्लीकेशन मुहैया कराना था, जिसकी मदद से वे घर बैठे बच्चों की पढ़ाई तथा उनके विकास और मूल्यांकन का अवलोकन कर सकें। इस ऐप से बच्चों को स्वयं घर में भी पढ़ाई करने की और कार्टून इत्यादि के माध्यम से पढ़ाई को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलेगा।

नोपानीनोस के उदघाटन समारोह में शहर के प्रसिद्ध व्यक्तित्व डॉक्टर सुजय चक्रवर्ती, डॉक्टर गार्गी दास गुप्ता, श्रीमान राजू बाबू गुप्ता, श्रीमती मीमी दास, श्रीमती मल्लिका बनर्जी, श्रीमती देवजानी बसु, को आमंत्रित किया गया। जिन्होंने अपने क्षेत्र में अहम योगदान दिया है।

दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य महोदय के ज्ञानवर्धक भाषण से अभिभावक और बच्चे लाभान्वित हुए। बच्चों के मनोरंजन और के लिए अनेक कार्यक्रम किए गए चित्रकला, नृत्य, मनोरंजक खेल, हेल्थ चेकअप, मनोविज्ञान आदि जिसके द्वारा बच्चों की प्रतिभा का आकलन किया गया।

चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित कई सलाह दी। जिससे बच्चे और अभिभावक लाभान्वित हुए। चित्रकला में भाग लेकर बच्चों ने अपने कलाओं को उभारा, नृत्य और संगीत में भाग लेकर बच्चे अति प्रसन्न हुए। इस तरह हर्षोल्लास के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।